लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त अरब अमीरात के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ़ ज़ायद' से सम्मानित होने पर बधाई दी

नई दिल्ली, 26 अगस्त 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त अरब अमीरात के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ़ ज़ायद' से सम्मानित होने पर बधाई दी है। अपने बधाई पत्र में, श्री बिरला ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ़ ज़ायद' से प्रधानमंत्री के सम्मानित होने से पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस श्रेष्ठ उपलब्धि के लिये प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह भारत और इसके 130 करोड़ नागरिकों का भी सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के कारण विश्व भर में भारत की छवि एक सशक्त, सुदृढ़ और साहसी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुई है। लोक सभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस प्रतिष्ठित सर्वोच्च नागरिक सम्मान से प्रधानमंत्री श्री मोदी को सम्मानित किये जाने से दोनों देशों के संबंधों में एक नये अध्याय की शुरुआत हुई है । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों में सुदृढ़ता लाने में सहायक सिद्ध होगा। श्री बिरला ने आगे कहा कि यह सम्मान दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास और संपूर्ण विश्व में भारत के सर्वसमावेशी दृष्टिकोण की मान्यता को स्पष्टतः प्रतिबिंबित करता है।

LOK SABHA SPEAKER CONGRATULATES PRIME MINISTER SHRI NARENDRA MODI ON BEING AWARDED THE UAE'S HIGHEST CIVILIAN HONOUR "ORDER OF ZAYED"

New Delhi, 26 August 2019: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla has congratulated Prime Minister Shri Narendra Modi on being awarded the 'Order of Zayed', the highest civilian honour of the United Arab Emirates. In his congratulatory letter, Mr. Birla said that 'the entire country is feeling proud' with the Prime Minister being honoured by the United Arab Emirates' highest civilian award the 'Order of Zayed'. Congratulating Prime Minister for this outstanding achievement, Shri Birla said that it is also an honour for India and its 130 crore citizens. He noted that due to Prime Minister's efficient leadership, the image of India has been established worldwide as a strong, stable and courageous nation. Lok Sabha Speaker further said that a new chapter has been started in the relations between the two countries with the honouring of Prime Minister Shri Modi with this prestigious highest civilian honour. He hoped that this would help in strengthening the cultural and trade ties between the two countries. Shri Birla also said that this honour 'clearly reflects the growing trust between the two countries and the recognition of India's all-inclusive vision throughout the world'.